हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

NEWS

dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक–114 : जौनपुर, शनिवार 31 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक विकास भवन के सभागार में मा0 सांसद सदर श्याम सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मा0 सांसद द्वारा विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं का गहन समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सम्बन्धित अधिकारीगण जनपद के विकास के लिये किये जा रहे प्रयासों में और तेजी लायें तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रत्येक दशा में पहुँचाना सुनिश्चित करें। शासन की मंशा के अनुरुप जन शिकायतों के निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मा0 सांसद/समिति अध्यक्ष द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, एकीकृत वाटर शेड प्रबन्धन कार्यक्रम, विद्युत, जल निगम, गोशाला सहित विभिन्न योजनाओं पर सम्बन्धित अधिकारियों से गहन जानकारी कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। मा0 विधायक जफराबाद जगदीश नारायण राय द्वारा जफराबाद क्रासिंग पर ब्रिज बनाये जाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि प्रमुख सचिव को पत्र प्रेषित कर शीघ्र कार्यवाही की जायेगी। ब्लॉक सिरकोनी में मनरेगा का बजट वापस हो जाने की जांच कराए जाने हेतु निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के पैसे से सड़क की पटरी बनाये जाए। मा0 सांसद मछलीशहर बीपी सरोज ने समूहों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समूहों के द्वारा कोटे के अलावा अन्य योजनाओं में सहभागिता सुनिश्चित की जाए और ब्लॉक मुख्यालय पर समुहों की प्रदर्शनी लगाई जाये। समुहों की फीडिंग कराकर एनआईसी पर अपलोड करा दें। मा0 अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण सड़के बनाई जाए और समय से कार्य पूर्ण कर लिया जाए और जो ठेकेदार गुणवत्तापूर्ण कार्य नही कर रहे है उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। दीन दयाल उपाध्याय–ग्रामीण कौशल योजना में प्रगति कम मिली जिसे बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। पेंशन योजनाओं की समीक्षा की और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि पेंशन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को दिया जाए। सतहरिया, सिधवन सहित सभी औद्योगिक क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय एवं रैन बसेरा बनाये जाने का निर्देश दिया। जलजीवन मिशन फेस–1 एवं फेस–2 की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि यह शासन की सर्वोच्य प्रमुख कार्यो में से है अतः इसे प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण करें। मा0 सांसद ने निर्देशित किया कि बोरिंग करने वाले मशीनों की संख्या बढाकर कार्य सम्पन्न कराया जाये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि 3000 डीपीआर तैयार है, 228 गावों में कार्य चल रहा है और प्रधानों के द्वारा अच्छा सहयोग मिल रहा है। कटाहित खास में टँकी बनी है लेकिन कनेक्शन नही हुआ है। एक्सईएन जलनिगम को शीघ्र कनेक्शन कराने के निर्देश दिये। फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को बीमित करने के निर्देश उप निर्देश कृषि को दिया। बैठक में पुरातत्व विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे जिसपर उनका स्पष्टीकरण देंने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आश्वासन दिया कि लगभग 28 फरवरी तक जमालापुर पुल को आम जनमानस के लिए संचालित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर मा0 राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, मा0 विधायक मड़ियाहूॅ डा0 आर0के0 पटेल, ब्लाक प्रमुखगण, मा0 विधायक प्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, सुरेश अस्थाना, राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## तहसील बार एसोसिएशन केराकत ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्रक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कानून के विषय की जानकारी को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर विगत दिनों अधिवक्ता विकास तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से प्रेषित किया गया था तथा जनपद जौनपुर के विद्वत जन से मुहिम में जुड़ने का आह्वाहन भी किया गया था। उक्त विषय को लेकर तहसील बार एसोसिएशन केराकत ने कानून के विषय की जानकारी को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिलाये जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी केराकत के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।साथ ही यह मांग की गई की समाज मे कानून मित्र पद का गठन करके भारतीय संविधान व कानून का ज्ञान जन जन तक पहुंचाया जाय तथा कानून विषय के ज्ञान को अनिवार्य रूप से सर्व शिक्षा अभियान से जोड़ा जाए। अधिवक्ता विकास तिवारी व अतुल सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि सामाजिक या अन्य प्रकार की संहिताओं, नियम–कानूनों या संविधानों की अपनी विशिष्ट उपयोगिता है। संविधान , विधि या नियम–कानूनों से प्राप्त प्रतिफल यानी जिन संस्थाओं के लिए ये नियम–कानून निर्मित हुए, उन संस्थाओं की सहज एवं सरल रूप से संवहनीयता अथवा क्रिया कलाप से ही उनकी भूमिका को मापा जा सकता है । संविधान अथवा नियम–कानून लिखित या अलिखित दोनों प्रकार के होते हैं। कुछ प्राकृतिक रूप से बने सामाजिक संस्थाओं के नियम–कानून अलिखित होते हैं। जैसे परिवार, विवाह, अवस्था, जाति, समुदाय इत्यादि अलिखित, किंतु अन्यान्य संस्थाओं के कुछ लिखित एवं कुछ अलिखित यानी दोनों प्रकार के संविधान होते हैं। संविधान यानी कानून जिस समुदाय, जाति, वर्ग या व्यक्तियों के लिए होता है, यह स्वाभाविक अपेक्षा होती है कि उन्हें उन नीति–निर्देश तत्त्वों, नियम–कानून एवं संविधान का भली–भाँति ज्ञान हो। तहसील बार चुनाव आयोग अधिकारी व तहसील अधिवक्ता राजेश पाण्डेय व अनिल गांगुली ने संयुक्त रूप से कहा कि यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण भी है कि जो संविधान जिस समाज अथवा संस्था के लिए बना है, उस संस्था अथवा समाज के प्रत्येक सदस्यों




को उसकी संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। यदि उनसे कोई त्रुटि होती है या यदा–कदा उनसे नियम–कानून अथवा संविधान का उल्लंघन होता है तो वे दंड पाने के या प्रायश्चित्त करने के दायरे में आ जाते हैं। नियमन अथवा संविधान उल्लंघन के लिए पूर्व निर्धारित प्रायश्चित्त या दंड इत्यादि की प्रखर सामाजिक स्वीकार्यता के कारण प्रत्येक व्यक्ति को उन्हें स्वीकार करना ही पड़ता है । इससे कोई व्यक्ति भाग भी नहीं सकता है। पाषाण युग से लेकर आज आधुनिक युग तक संविधान अथवा नीति–निर्देशो की उपस्थिति या उसकी स्थापित मान्यताओं के अस्तित्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है ।हमारे भारत देश में संविधान या नियम कानून के ही परिप्रेक्ष्य में धर्म को भी देखा जाता है। धर्म की परिभाषा करते हुए धर्म के संदर्भ में यह उल्लेख होता है कि– "धारयति इति धर्मः" कानून मानव समाज के कुशल संचालन एवं स्वतः संवहन की दिशा में गतिशीलता एवं निरंतरता केध लिए एक आवश्यक उपकरण है। इसलिए हमारी कोशिश है और सरकार से मांग भी है कि भारत देश में निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कानून का ज्ञान हो। इसके लिए आवश्यक है कि इसे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाय तथा "कानून मित्र" का निर्माण कर जनजागरण अभियान चलाया जाय। उपरोक्त अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नमः नाथ शर्मा, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अतुल सिंह, पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, दिनेश शुक्ला, प्रभात पाठक, रवि कुमार, राघव सिंह, दिनेश पांडेय, कुलदीप यादव, संजय चौबे, नीरज पाठक समेत अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल में अंतरविद्यालय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। दुबग्गा स्थित लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल फरीदीपुर दुबग्गा लखनऊ में दीपक रावत (द डांस सिटी स्टूडियो) द्वारा अंतरविद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ जनपद से लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल फरीदीपुर, लखनऊ मॉडल पब्लिक इण्टर कॉलेज, मिलेनियम पब्लिक स्कूल, ग्रीनवे पब्लिक स्कूल, लामार्टीनियर गर्ल्स कॉलेज सहित विविध विद्यालयों के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में पार्षद बादशाह गाजी (कन्हैया माधवपुर वार्ड ) तथा निर्णायक मण्डल में शुभम वर्मा (मास्टर इन कंटेंपरेरी वैलेट एण्ड जाज), आयुष श्रीवास्तव (मास्टर इन परफार्मिंग आर्ट एण्ड कत्थक डांस) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी प्रतिभागियों ने अपने नृत्य कला के हुनर का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मण्डल द्वारा सभी प्रतिभागियों के हुनर का अतिसूक्ष्म निरीक्षण कर उन में से



मिशिका टंडन (जूनियर), साक्षी मिश्रा (सीनियर) को प्रथम अरनव (जूनियर), वर्तिका (सीनियर) को द्वितीय एवं मानवी, लक्ष्य (जूनियर) शिव यादव (सीनियर) को तृतीय विजेता घोषित किया गया और उन्हें पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी मैडल सर्टिफिकेट एवं नकद धनराशि प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया। अन्य सभी प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार स्वरूप सर्टिफिकेट और मैडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल गुंजन खत्री ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## स्टडी हॉल का उद्देश्य छात्रों को क्रिटिकल थिंकर्स और अच्छे नागरिक बनने के लिए शिक्षित करना है –असीम अरुण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः "स्टडी हॉल केवल एकेडेमिक्स पर ध्यान केंद्रित नहीं करता है, छात्रों को महत्वपूर्ण विचारक और अच्छे नागरिक बनने के लिए शिक्षित करता है। महामारी की चुनौतियों के बावजूद, हमारे छात्रों ने बहुत अच्छे अंक प्राप्त किये हैं" स्टडी हॉल के दीक्षांत समारोह में असीम अरुण जी ने कहा स्टडी हॉल स्कूल ने शुक्रवार 30 दिसंबर को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री असीम अरुण, राज्य मंत्री – समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार उपस्थित थे। समारोह में 10वीं और 12वीं कक्षा के 295 छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित से किया गया। शेफ की संस्थापक और सीईओ डॉ उर्वशी साहनी ने शिक्षकों और छात्रों के साथ उनकी कड़ी मेहनत के सम्मान में अकादमिक प्रोसेशन का आरम्भ किया। स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन (एसएचईएफ) की विभिन्न यूनिट्स के प्रमुख भी वहां मौजूद थे। इस साल सीबीएसई बोर्ड में लखनऊ में टॉप करने वाले पिंजू संजय स्टडी हॉल के छात्र हैं । पिंजू ने हमनीटीएस स्ट्रीम में 99.2: स्कोर किया और वर्तमान में दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज में पढ़ रहे हैं। स्टडी हॉल की प्रिंसिपल मीनाक्षी




बहादुर ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, "आज हम न केवल अपने बच्चों की सफलता को मना रहे हैं बल्कि हमारी संस्था के विचारों – लैंगिक समानता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक नागरिकता को भी मना रहा है।" अंजनेय गर्ग, जो वर्तमान में आईआईटी बीएचयू से स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं, ने दर्शकों के साथ अपना अनुभव साझा किया, "मेरे शिक्षकों के समर्थन से मैं शानदार परिणाम प्राप्त करने में सक्षम रहा। मैं अपने माता पिता का भी बोहोत आभारी हूँ। वाइस प्रिंसिपल, मीनाक्षी शाह ने कहा, "मुझे अपने छात्रों के अचे अंक प्राप्त करने की बोहोत खुशी है। स्टडी हॉल में हम सिर्फ अकादमिक पर ध्यान केंद्रित नहीं करते, हम बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनने की शिक्षा देते हैं।

## नए साल पर मुस्तैदी : 100 से अधिक जगहों पर तैनात रहेंगे 8000 पुलिसकर्मी

लखनऊ ब्यूरो : आज रात राजधानी लखनऊ नए साल के स्वागत के जश्न में डूबेगी। कार्यक्रमों में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस के अलावा अस्पतालों व नगर निगम कर्मचारियों को शनिवार, रविवार को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इस दौरान 100 से अधिक जगहों पर 8000 पुलिसकर्मी व पीएसी की 16 कंपनी तैनात रहेंगी। हुड़दंगियों से निपटने के लिए हर चौराहे पर पुलिस मुस्तैद रहेगी। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने शुक्रवार देर रात जारी आदेश में इसकी जानकारी दी। जेसीपी कानून व्यवस्था पीयूष मोर्डिया के मुताबिक अस्पतालों में आकस्मिक स्थिति में बेड खाली करने, नगर निगम के कर्मचारियों को जाम व हादसों में सहयोग के लिए क्रेन व अन्य वाहनों की जरूरत के लिए सतर्क कर दिया गया है। पिंक बूथ व पेट्रोल के कर्मचारियों को किया अलर्ट जेसीपी कानून व्यवस्था ने नए साल के जश्न के दौरान अराजकता व हादसों से निपटने के लिए पिंक बूथ और पिंक पेट्रोल(पुलिस पेट्रोलिंग) पर तैनात कर्मचारियों को शाम सात बजे से रात 2 बजे तक अलर्ट कर दिया है। कहा गया है कि पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, पिंक टीयूवी, पिंक पैंथर में तैनात कर्मचारियों को ड्यूटी की जानकारी संबंधित अधिकारी जरूर दे दें। इससे ये समय से ड्यूटी स्थल पहुंच सकें। सभी पुलिस उपायुक्त जोन से कार्यालय में एक कर्मचारी को टेलीफोन ड्यूटी पर लगाने को कहा है। इससे पुलिसकर्मियों से ड्यूटी स्थल पर उपस्थिति की जानकारी ली जा सके। नगर निगम को निर्देश – न्यू ईयर की पार्टियों के बाद शराब के नशे में तेज गति से वाहन चलाने से होने वाले हादसों व जाम से निपटने के लिए जेसीबी, हाईड्रा, क्रेन की तत्काल व्यवस्था करनी होगी। – नगर निगम के कर्मचारी नए साल के पहले दिन रविवार को विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। – रविवार को जेसीबी की सेवा बंद नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त को भेजे गए पत्र में कहा गया कि इस सेवा को बहाल रखें। साथ ही संबंधित कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दें। अस्पतालों के लिए निर्देश – जेसीपी कानून व्यवस्था ने सीएमओ को भेजे पत्र में निर्देश दिया कि हादसों में घायलों को तुरंत इलाज मिले, इसके लिए सभी अस्पतालों में शनिवार से रविवार रात तक इमरजेंसी व्यवस्था लागू रखें। कुछ बेड खाली रखे जाएं। – घायलों के इलाज के लिए जीवन रक्षक दवाएं, उपकरण व सामग्री उपलब्ध रखें। – शनिवार से रविवार देर रात तक पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए। चालक का नाम व मोबाइल नंबर रिसेप्शन पर दर्ज रहे। – अस्पतालों में उपलब्ध बेडों की संख्या, जीवन रक्षक उपकरण व एंबुलेंस की उपलब्धता व ड्यूटी पर तैनात चिकित्साधिकारियों का नाम व मोबाइल नंबर जेसीपी कार्यालय में शनिवार सुबह उपलब्ध करा दिए जाएं।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## धूम –धाम से मनाई गई गुरु गोविंद सिंह की जयंती

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा एवं सुख सिमरन शक्ति फाउंडेशन ऑफ इंडिया की संस्थापक एवं अध्यक्ष सिमरन कौर जी द्वारा आज खालसा पंथ के संस्थापक एवं सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के पावन प्रकाश पर्व पर समूह साध संगत को बहुत बहुत बधाई दी गई




इस अवसर पर उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार हिंदू समाज की रक्षा करने के लिए बलिदान हो गया हमें इस बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए इस अवसर पर उन्होंने अपने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी जी का बहुत–बहुत धन्यवाद किया जो इस पर्व को बहुत ही धूमधाम से मना रहे हैं जिन्होंने आगे आकर इस मुहिम को घर घर तक पहुंचाया है पहले इस प्रकाश पर्व को सिर्फ सिख परिवार ही मनाते थे पर आज हमारे हिंदू भाई भी इस प्रकाश पर्व पर बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं आज कानपुर के मोती झील प्रांगण में प्रकाश पर्व को बड़े धूमधाम से मनाया गया इसमें पूरे हिंदुस्तान के बड़े–बड़े रागी जत्थो ने आकर भजन कीर्तन किया एवं समूह साध संगत द्वारा ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्यों ने आकर सेवा की कीर्तन सुना और लंगर प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर सिमरन कौर जी को डॉक्टर हेमंत मोहन राय जी एवं डॉ आरती मोहन राय जी द्वारास सम्मानित भी किया गया इस अवसर पर सुख सिमरन शक्ति फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संरक्षक सरदार रूमित सिंह सागरी जी ,संरक्षक अंबुज मिश्रा जी, एवं संस्था के कई सदस्य साधना जी ,सिमरनजीत कौर जी , पूनम शुक्ला जी, रेनू जी, नवीन जी, अरहान जी, रिजवान लारी जी सचिन कपूर जी, मनीष आहूजा जी, कंचन गंभीर जी एवं हमारे सभी पत्रकार भाई बंधु जिनमें अचिन अरोड़ा जी, प्रवीण सिंह चंदेल जी ,मुजम्मिल जी एमएस मालवीय जी मुकेश जी , कुनाल सिंह जी, आदि मौजूद रहे।

## 01 जनवरी से 03 जनवरी के मध्य किया जायेगा निःशुल्क राशन वितरण –कमल नयन सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला पूर्ती अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया है कि पी०एम०जी०के०ए०वाई० योजनान्तर्गत माह अक्टूबर, 2022 के सापेक्ष अन्त्योदय कार्डधारकों एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कुल 05 कि०ग्रा० चावल प्रति यूनिट का निःशुल्क वितरण 22 दिसम्बर




से 31 दिसम्बर 2022 से विस्तारित करते हुए अब 01 जनवरी से 03 जनवरी 2023 के मध्य वितरण किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये आदेशानुसार प्रत्येक उचित दर दुकान पर नोडल अधिकारी/ पर्यवेक्षणीय अधिकारी की उपस्थिति मे ई–पास मशीन द्वारा निःशुल्क वितरण कराया जायेगा। उन्होंने कहा है कि खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। इस योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 03 जनवरी 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओ०टी०पी० वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

ऐसा जीवन जीयो कि कोई आपकी बुराई भी करे तो लोग उस पर विश्वास न करें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# अधिकारों के प्रति सजग होती स्त्रियां

अफगानिस्तान में तालिबानी शासन ने स्त्रियों पर अनेक तरह की पाबंदियां थोप दी हैं। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार ने वहां कॉलेज और विश्वविद्यालयों में महिलाओं की पढ़ाई पर रोक लगा दी है।

पूरी दुनिया तरक्की कर रही है। अनेक देशों में स्त्री मुक्ति की दिशा में निर्णय हो रहे हैं। आज महिलाएं अनेक देशों की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, इंजीनियर, वकील, शिक्षक और डॉक्टर बन रही हैं। सेना में भर्ती होकर भी अपनी बहादुरी के जलवे दिखा रही हैं। लेकिन आज भी संसार में कुछ ऐसे देश हैं, खासकर कुछ मुस्लिम देश, जो स्त्रियों की आजादी को लेकर सदियों पुरानी मानसिकता से ग्रस्त हैं। ऐसे देशों में सबसे अग्रणी है–ईरान और अफगानिस्तान। इन दोनों देशों में स्त्रियों को लेकर दोयम दर्जे का आचरण दिखाई देता है, जो निस्संदेह चिंता का कारण है। ऐसे देशों के विरुद्ध पूरी दुनिया में जनमत बनना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र में इनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित होना चाहिए।

अफगानिस्तान में तालिबानी शासन ने स्त्रियों पर अनेक तरह की पाबंदियां थोप दी हैं। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार ने वहां कॉलेज और विश्वविद्यालयों में महिलाओं की पढ़ाई पर रोक लगा दी है। तालिबान केवल अपनी यौन संतुष्टि के लिए ही महिलाओं को बनाए रखना चाहता है और उनके आगे बढ़ने पर अंकुश लगाना चाहता है। अफगानिस्तान की महिलाएं न तो पढ़ाई–लिखाई कर सकती हैं और न समाज सेवा के कार्य। वहां के शिक्षामंत्री का यह तर्क है कि विश्वविद्यालयों में जो पाठ्यक्रम लागू हैं, वे इस्लामी कानून के विरुद्ध हैं, इसलिए हम महिलाओं को प्रतिबंधित कर रहे हैं। अजीब तर्क है यह! अगर वहां की उच्च शिक्षा व्यवस्था में कोई कमी है, तो उसे सुधारा जा सकता है, लेकिन इस्लामी कानून और परंपराओं के नाम पर महिलाओं को शिक्षा से वंचित करना मानवाधिकार का उल्लंघन है। इससे वहां की महिलाओं की काफी दुर्गति हो रही है। सार्वजनिक स्थानों में उन्हें चेहरा ढक कर निकलना होगा। ऐसा न करने पर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसी तरह, ईरान में महिलाओं पर बुर्के पहनने का फतवा जारी किया गया। लेकिन ईरान की महिलाओं ने सड़कों पर उतर कर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की। बुर्के के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त करते हुए वहां की स्त्रियों ने अपने बाल भी कटवाए। आज भी वे बेपर्दा होकर विरोध कर रही हैं। कजाकिस्तान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में ईरान की महिला खिलाड़ी–सारा खादेम और अटूसा पोरकाशियान बिना हिजाब के शतरंज खेलती नजर आईं। ये दोनों महिलाएं शतरंज के खेल में लगातार चौंपियन रही हैं। महिलाएं अपने खर्चे से कजाकिस्तान जाकर शतरंज खेल रही हैं। फुटबॉल, तीरंदाजी और पर्वतारोहण आदि में सक्रिय महिलाएं ईरान की हिजाब–संस्कृति का विरोध कर रही हैं। यह अलग बात है कि प्रतिरोध के इन स्वरों को दबाया जा रहा है। महीसा अमीन जैसी अनेक युवतियों और महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया गया। लेकिन आवाजें अब भी उठ रही हैं।जी–7 देशों के विदेश मंत्रियों ने तालिबान के इस फैसले का पुरजोर विरोध किया है। इन विदेश मंत्रियों का कहना है कि तालिबानी सरकार महिलाओं की आजादी को खत्म कर रही है। अगर यही रवैया रहा, तो हम अफगानिस्तान को किसी किस्म की मदद नहीं पहुंचाएंगे। लेकिन जब तक संयुक्त राष्ट्र इसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेगा, तब तक तालिबानी सरकार पर असर नहीं होने वाला है। हालांकि तालिबानी सरकार के निर्णय के विरुद्ध वहां के शिक्षकों में भी गहरा आक्रोश है। ईरान की महिलाओं की तरह अफगानिस्तान की महिलाएं भी आने वाले समय में अपनी शहादत देकर प्रतिरोध दर्ज करेंगी। हाल ही एक घटना ने दुनिया भर के लोगों में उम्मीद जगाई है।

एक लाइव टीवी शो में अफगानिस्तान के एक प्रोफेसर ने अपने सर्टिफिकेट को यह कहते हुए फाड़कर फेंक दिया कि अब मुझे इसकी कोई जरूरत नहीं। इस देश में शिक्षा के लिए कोई स्थान नहीं है। अगर मेरी बहन और मां नहीं पढ़ सकती, तो मैं शिक्षा को स्वीकार नहीं कर सकता। उस प्रोफेसर के विरुद्ध तालिबानी सरकार क्या कदम उठाएगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन विरोध के स्वर तेज होने लगे हैं और उम्मीद है कि नए वर्ष में नए उत्साह के साथ दुनिया भर में महिलाएं अपने अधिकारों के लिए और शोषण के खिलाफ आवाज उठाएंगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## 18 लाख की लागत से बनाए जा रहे राइफल शूटिंग रेंज कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : माननीय सांसद सदर श्याम सिंह यादव ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के साथ इंग्लिश क्लब में 18 लाख की लागत से बनाए जा रहे राइफल शूटिंग रेंज कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया की प्लेटफार्म बनाए जाने के कार्य चल रहे थे, उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में 26 जनवरी तक कार्य पूर्ण कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने इंग्लिश क्लब परिसर में ही लोगों के सहयोग से स्केटिंग, बास्केटबॉल कोर्ट एवं लॉन टेनिस का मैदान तैयार किए जाने हेतु निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संतोष मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## थाना शाहगंज पुलिस द्वारा 01 वारंटी को गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज व प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 31.12.2022 को उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेय व हमराही कर्मचारी द्वारा 01 वारण्टी जीशान पुत्र बदरुद्दीन निवासी ताखापूरब थाना शाहगंज जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार वारण्टी का नाम पता– 1.जीशान पुत्र बदरुद्दीन निवासी ताखापूरब थाना शाहगंज जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेय थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.का0 सुरेश कुमार, पीआरडी आनन्द थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## एन पी एस के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय टोडरपुर में एनपीएस के विरोध में दिया गया ज्ञापन।जबरदस्ती एनपीएस थोपे जाने के विरोध में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई टोडरपुर के द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी टोडरपुर श्रीमती शालिनी गुप्ता को दिया गया। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई टोडरपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने माननीय मुख्य मंत्री जी को संबोधित करते हुए कहा कि वित्त नियंत्रक महोदय बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा अपने पत्र दिनांक 22दिसम्बर 2022 के माध्यम से तथा इसके पूर्व जारी किए गए पत्रों के माध्यम से नई पेंशन योजना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों पर जबरदस्ती स्वीकार करने का प्रयास किया जा रहा है।तथा न स्वीकार करने की स्थिति में जबरन वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।यह प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के साथ तानाशाही पूर्ण व्यवहार है।यह योजना 01अप्रैल 2005 में में लागू की गई थी ।जो कि स्वैच्छिक है।17 वर्षों बाद इस प्रकार की जबरदस्ती किया जाना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के साथ अन्याय है।वित्त नियंत्रक महोदय के इन तानाशाही पूर्ण आदेशों से प्रदेश का बेसिक शिक्षक आक्रोशित है।तथा शांतिपूर्ण आंदोलन को बाध्य हो रहा है।इस अवसर पर जूशिसं टोडरपुर के ब्लॉक कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई टोडरपुर(हरदोई) प्रदेश के लाखों लाख बेसिक शिक्षकों की तरफ से यह अनुरोध करता है कि वित्त नियंत्रक महोदय बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश के जबरन नई पेंशन योजना स्वीकार करने तथा वेतन से जबरन कटौती करने व वेतन रोकने सम्बन्धी तानाशाही पूर्ण आदेशों को निरस्त करने का कष्ट करें।साथ ही प्रदेश के शिक्षको कर्मचारियों के अभिभावक होने के नाते सभी को 01अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन का लाभ देने का कष्ट करें।इस




अवसर पर जूशिसं टोडरपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, मंत्री सुनील कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह,उपाध्यक्ष राजवीर सिंह एवं भारी संख्या में ब्लॉक के शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। शासन बेसिक शिक्षा के शिक्षकों का पूरी शक्ति के साथ उत्पीड़न करने पर उत्पीड़न करने पर उतारू है स इसी कड़ी में पुनः एक बार वित्त नियंत्रक महोदय के माध्यम से अभी तक जिस एनपीएस को ऐच्छिक बता रहे थे उसी को अनिवार्य कर एनपीएस कटौती जबरदस्ती काटने तथा ना कटवाने पर वेतन रोकने का प्रयास किया जा रहा है ᐩ जूनियर शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश प्रान्तीय अध्यक्ष श्री योगेश त्यागी महामंत्री श्री नरेश कौशिक तथा कोषाध्यक्ष श्री सुरेश सिंह के नेतृत्व में इसे किसी भी हालत में स्वीकार करने को तैयार नहीं है । हम सब के सहयोग से इस जबरदस्ती कटौती करने तथा जबरदस्ती योजना लागू करने के विरोध में तथा पुरानी पेंशन योजना लागू करवाने के लिए संगठन संघर्ष के प्रथम चरण में सबसे पहले आज बी आर सी शाहाबाद पर धरना देकर मुख्य मन्त्री उत्तर प्रदेश के नाम सम्बोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद के माध्यम से एक ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संतोष अग्निहोत्री, मन्त्री विवेक शुक्ला ,कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ,संयुक्त मन्त्री प्रेम कुमार ,उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ,होरीलाल ,अनिल कुमार ,संयुक्त मन्त्री सुमन सिंह, संगठन मन्त्री सन्तोष कुशवाहा , प्रचार मन्त्री मो .रफी खां ,कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार तथा ब्लाक के आये हुए सभी शिक्षक व शिक्षिका बहने उपस्थित रहे।

## मां हीराबेन के निधन पर भाजपा नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शाहाबाद में प्रधानमंत्री की माँ हीराबेन के निधन पर भाजपा के नेताओं ने शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। किराना व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता सुनील गुप्ता ने कहा कि '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूज्यनीय माताजी हीरा बा के निधन की खबर जानकर बहुत दुख हुआ। किसी व्यक्ति के जीवन में मां पहली शिक्षक होती है, जिसका चले जाना निसंदेह सबसे बड़ा दुख है।'' कहा कि, परिवार के पालन पोषण के लिए हीरा बा ने जिन संघर्षों का सामना किया, वह सभी के लिए एक आदर्श है। '' उनका त्यागमय जीवन हमेशा हमारी स्मृतियों में रहेगा। पूरा भारत दुख की इस घड़ी में प्रधानमंत्री मोदी और उनके परिवार के साथ खड़ा है।'' श्रद्धांजलि सभा



में हाकिम सिंह, सुभाष रस्तोगी,कुलदीप श्रीवास्तव,महामंत्री सुभाष सिंह, हरी मिश्र,कमल सिंह,अरविंद रस्तोगी, दीप कमल राठौर एवं दीपेश अवस्थी सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे।

## समाजसेवी सुष्मित मिश्रा द्वारा सरकारी जच्चा बच्चा अस्पताल में वितरित किए गए कंबल

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : शीत लहर को ध्यान में रखते हुए जच्चा बच्चा अस्पताल जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विभाग जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर में मुख्य संरक्षक एवं मार्गदर्शक एडवोकेट सुष्मित मिश्रा प्रेसिडेंट, प्रो. एच.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन ,कानपुर एवं इंटरनेशनल सेंटर इंग्लिश स्कूल, कानपुर के द्वारा वहां के मरीजों के लिए लगभग 50 कंबल वितरित किए गए और उन्होंने बताया कि ऐसी सेवाएं वह देते रहेंगे।आज इस समाजिक कार्यक्रम में अंशुल कुमार पटेल सचिवः वाईब्रेंट इंडिया फाऊंडेशन, डॉ मनोज कुमार प्रजापति प्राचार्य, प्रो एच.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कानपुर एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष



डॉ. नीना गुप्ता और संस्था के गणमान्य सदस्य सौरव कुमार, रामराज्य और हरिओम इत्यादि उपस्थित रहे।

## बड़ी धूमधाम से मनाया गया नमो–नमो क्रांति फाउंडेशन की जिला प्रभारी निर्मला पांडे का जन्मदिवस

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज कानपुर में नमो नमो क्रांति फाउंडेशन की जिला प्रभारी निर्मला पांडे जी का जन्म दिवस मिडास मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में धूम धाम से मनाया गया! जिसमें आदरणीय (प्रदेश संरक्षक) कमलजीत सिंह बग्गा , (क्षेत्रीय अध्यक्ष) इकबाल कौर , (प्रदेश संरक्षक) उपेंद्र मिश्रा , (प्रदेश संयोजक) शैलेंद्र पांडे , (दक्षिण जिला अध्यक्ष) मालती देवी , पासवान (जिला अध्यक्ष), अजय सिंह तोमर (दक्षिण जिला) , उत्तर जिला से जगत पांडे (जिलाध्यक्ष) , संगप्रिय गौतम विजय वैद्य जी , राज झा (जिम), (क्षेत्रीय प्रभारी) विभा राज दुबे , अचिन अरोड़ा (समाजसेवी पत्रकार) , प्रवीण सिंह चन्देल (पत्रकार) व नमो नमो क्रांति फाउंडेशन



के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य व मिडास ग्रुप के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे!

## दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बीएसएन ग्लोबल स्कूल शाहपुर में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ ।कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बालक वर्ग में आजाद की टीम ने व बालिका वर्ग में रितिका की टीम ने बाजी मारी। कबड्डी में बालक वर्ग में आजाद और बालिका वर्ग में रितिका को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। बालिकाओं की खो–खो प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रितिका की टीम ने बाजी मारी।बालक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में आशीष, राज मौर्य, आर्यन और बालिका वर्ग में रितिका, कृति पासवान और प्रतिमा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर जीत हासिल किया।लंबी कूद में बालक वर्ग में आलोक, राज और आदित्य तथा जूनियर वर्ग में आर्यन, कृतार्थ और कृष्णा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर जीत हासिल की। लंबी कूद बालिका वर्ग में रितिका, कृति और प्रतिमा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर जीत हासिल की। रोप जंप में याशमीन, पल्लवी और कृति सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के समापन पर विद्यालय



के निदेशक जे.के.जायसवाल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ने कहा कि खेलकूद हमारे शरीर को तंदुरुस्त रखने के साथ–साथ हमें मानसिक रूप से स्वस्थ और सामाजिक रूप से सुदृढ़ बनाता है। हमारे व्यक्तित्व के विकास में खेल–कूद महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए खेल कूद अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर चंद्रकला मौर्य, दीपक सिंह, कुसुम, चन्द्रमति यादव, वर्षा श्रीवास्तव,सुमन, प्रतिभा, अंकिता आदि मौजूद रहे।

## "हमारा आँगन, हमारे बच्चे" कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ब्लॉक संसाधन केंद्र शाहाबाद पर "हमारा आँगन, हमारे बच्चे" कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिला अधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी , सी डी पी ओ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शाहाबाद, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बिलहरी, कम्पोजिट सिकंदरपुर कल्लू, उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहाबाद एवं प्राथमिक विद्यालय आगापुर के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की झलकियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का उद्बोधन खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार झा द्वारा किया गया ।जिसमें उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों पे विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में उपजिला अधिकारी द्वारा सफल शैक्षिक कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की गई। कार्यशाला में सर्वाधिक उपस्थित वाले विभिन्न विद्यालयों से 10 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो नोडल संकुल क्रमशः अशोक कुमार सिंह व रवि प्रकाश



गुप्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 2 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों क्रमशः संगीत देवी, चंद्रपुर खैराई व सुषमा देवी, वासितनगर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक शीलमित्र द्विवेदी, प्राथमिक विद्यालय गहोरा व शिक्षिका स्वेता सिंह और दिव्या सचान को संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय आगापुर में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्म्मनित किया गया। कार्यक्रम का सफल सन्चालन मो. तैय्यब द्वारा किया गया। इस अवसर पर ए०आर०पी० शिवम गुप्ता नोडल शिक्षक , नोडल संकुल एवं बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

## सड़े चावल की तहरी खाने से 16 बच्चे बीमार : एसडीएम सदर से की शिकायत : 2 बच्चों की हालत गंभीर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कोतवाली पिहानी क्षेत्र के बूढ़ा गांव के संविलियन विद्यालय में कोटेदार की गड़बड़ी से एम डी एम के लिए सड़ा हुआ चावल भेज दिया गया।जिससे बनी तहरी खाने से मासूम बच्चे बीमार पड़ गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला व प्रधान प्रेम सिंह ने कोटेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपने जरा से लाभ के लिए कोटेदार ने बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किया।रखे हुए चावल खाने से 16 बच्चे बीमार हो गए।जिनमे से 02 बच्चों की हालत चिंताजनक है। बूढ़ा गांव के कोटेदार का कहना है कि बोरी सील बंद थी ।चेक नहीं किया गया। जैसा ऊपर से चावल आया वैसे ही स्कूल को दिया गया। इस संबंध में एसडीएम सदर स्वाति शुक्ला ने कहा कि फूड इंस्पेक्टर को भेजकर मामले की जांच कराई जा रही है।, दोषी पाए जाने पर कोटेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में कुछ स्थानों को छोड़कर बाकी जगह नहीं जल रहा अलाव : शीघ्र होगी अलाव की व्यवस्था –नगर निगम कर्मी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय हाड़ कपाऊ बर्फीली ठंड हवाओं से आम लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।परंतु नगर निगम प्रशासन अभी तक यह नहीं तय कर पाया है कि किन किन स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जानी है।अलाव के न जलने के चलते शहर के अनेक प्रमुख चौराहों व स्थलों पर राहगीर,मजदूर, मरीज, यात्री सहित अन्य राहगीर यहां पर सुबह शाम ठंड से ठिठुरते हुये देखें जा सकते हैं।मालूम हो कि शहर वासियों को ठंड से निजात दिलाने के लिये नगर निगम प्रशासन शहर के चौक, रिकाबगंज चौराहा, फतेहगंज चौराहा, देवकाली तिराहा, देवकाली बाईपास, नाका बाईपास, शांति चौक रायबरेली रोड,नवीन मंडी चौराहा, रिकाबगंज चौराहा, गुदरी बाजार चौराहा,रीडगंज चौराहा,जिला चिकित्सालय, रोडवेज बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, कोतवाली नगर सहित प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाती है।परन्तु इस बार ठंड शुरू होने के बावजूद अभी नगर निगम प्रशासन कुछ जगहों को छोड़कर बाकी जगह पर अलाव की व्यवस्था कराने की जहमत नहीं उठा रहा है।वही अपने अपने वार्ड क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था कराने के लिये संबंधित वार्ड के पार्षद नगर निगम परिसर में अभी से चक्कर लगाने में दिखाई दे रहे थे।अलाव की व्यवस्था करा रहे संबंधित प्रभारी सी पी मौर्या ने बताया कि शीघ्र ही कहां कहां पर शहर में अलाव की व्यवस्था की जानी है इसकी सूची तैयार कर उसी हिसाब से अलाव की जायेगी।कुल मिलाकर शहर में कुछ स्थानों को छोड़कर बाकी जगह पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है।

## केरल सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर अहमद देवल कोविल को टीम लखनऊ ने किया सम्मानित –मुर्तजा अली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। इंडियन नेशनल लीग के केरल प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष और केरल सरकार के कैबिनेट मंत्री अहमद देवल कोविल ने आज कालीकट में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जिसमें खुसूसी मेहमान और वक्ता के रूप में शराबबंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा जी और इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष कुद्रतुल्लाह खान उपस्थित रहे ! इस मौके पर केरला सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर अहमद को और प्रोफेसर सुलेमान को टीम लखनऊ की तरफ से मुर्तजा अली और कुदरत उल्ला खान ने अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर टीम लखनऊ की तरफ से सम्मानित किया। इस मौके पर इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष



प्रोफेसर सुलेमान और प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष और केरल कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## मैजिक व ट्रक के टक्कर में 6 घायल : हाईवे के ऊपर हाई स्पीड कंट्रोलर लगाना जरूरी : कम कर सकते हैं एक्सीडेंट के मामले

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के असबरनपुर गांव के पास हाइवे पर शुक्रवार को सुबह करीब नव बजे मैजिक व ट्रक में आमने सामने टक्कर होने से दो महिला और तीन बच्चें समेत 6 घायल हो गए।स्थानीय लोगो की मदत से सभी घायलों को एंबुलेंश से सीएचसी रेहटी भेजा गया। घायलों ने बताया की सिंधोरा वाराणसी निवासी एक रिश्तेदार की गुरुवार को मौत हो गई थी।सभी लोग शोक संवेदना व्यक्त कर मैजिक वाहन से छितौना जलालपुर लौट रहे थे।असबरनपुर गांव के पास पहुंचने पर लोगो ने प्लान बदल कर थरी फूलपुर जाने का निर्णय कर लिया। चालक आल्हा राजभर गाड़ी मोड़कर रांग साइड से वाहन लेकर जा रहा था की सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई।जिसमे 40वर्षीय चालक आल्हा, 51वर्षीय शकुंतला पत्नी सूबेदार निवासी छितौना,30वर्षीय रीना पत्नी राधेश्याम निवासी थरी फूलपुर वाराणसी,और इनके तीन बच्चे अंश 12,हिमांशु 8,प्रियांशु 7 घायल हो गए।सभी घायल चालक समेत आपस में रिश्तेदार हैं।जिनका सीएचसी में उपचार किया गया। एक्सप्रेसवे पर कई जगह पर फेसिंग टूटी हुई है। ऐसे में मवेशियों के एक्सप्रेसवे पर आने से कई बार हादसे हो जाते हैं। हाईवे के मोड़ पर जगह–जगह पुलिसिंग व्यवस्था अच्छी ना होने की वजह से रंग दिशा से आने वाले वाहन भी बन रहे हैं एक्सीडेंट का कारणहाईवे के ऊपर हाई स्पीड कंट्रोलर लगाना जरूरी तो काम सकते हैं एक्सीडेंट के मामले।

## हर गांव पक्की सड़क से जुड़ने पर मंजिल होगी आसान –धनंजय सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के पचोखरा गाँव मे पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने गुरुवार की देर शाम जिला पंचायत द्वारा बनाई गई सीसी सड़क का लोकार्पण किया। उन्होंने गांव में एक पार्क का शिलान्यास भी किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि विकास में अच्छी सड़को की भूमिका महत्वपूर्ण है।कहाकि जनपद के हर गांव को पक्की सड़को के जरिये एक दूसरे से जोड़ा जाएगा जिससे हर नागरिक को सविधाये मिलेगी। कहा कि इस कार्य के लिए धन की कमी आड़े नही आएगी।उन्होंने बताया कि उक्त गांव में बनाई गई सड़क से ब्राह्मण बस्ती, गौड़ बस्ती, यादव बस्ती सहित अन्य कई बस्तियों को लाभ मिलेगा। पूर्व सांसद ने कहाकि गांव में पार्क बन जाएगा तो इसका लाभ बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक मिलेगा। क्षेत्र प्रमुख संजय सिंह व उनके बड़े भाई धीरू सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव की मूलभूत समस्याओं को खुली बैठक में सुलझाया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत यादव, राहुल यादव, रविकांत यादव, विपिन यादव, दीपक चौरसिया व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अध्यक्षता अधिवक्ता।ताराचंद व संचालन जिला पंचायत सदस्य विकास यादव ने किया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप को पीछे से मारी टक्कर : पिकअप पलटी चालक घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने पिकअप को पीछे से धक्का मार दिया। धक्का तेज होने के कारण पिकअप सड़क पर पलट गई। जिसने चालक घायल हो गया। शुक्रवार की देर रात लाइन बाजार थाना क्षेत्र के धन्नेपुर गांव निवासी संदीप बिंद पिकअप लेकर आजमगढ़ से जौनपुर शहर के तरफ आ रहा था। संदीप जैसे ही जौनपुर–आजमगढ़ हाइवे पर गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के पास पहुचा तभी पीछे के तरफ से एक अज्ञात ट्रक ने तेज टक्कर मार दिया। टक्कर इतना तेज था कि पिकअप मुख्य मार्ग पर ही पलट गई। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोगों मौके पर पहुचे तो देखा चालक संदीप पलटी पिकअप में फंसा हुआ था। तथा टक्कर मारने वाला ट्रक शहर के तरफ फरार हो गया था। लोगो ने किसी तरह घायल पिकअप चालक को बाहर निकाला। संदीप बिंद 35 को काफी गंभीर चोट आई थी। सिर फट गया था। लोगो ने 108 एम्बुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया। वही दुर्घटना की सूचना पर गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुच गयी थी। थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि यदि घायल चालक के द्वारा लिखित तहरीर दी जाएगी तो अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में अज्ञात व्यक्ति की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को रात में असबरनपुर गांव के पास एक अज्ञात व्यक्ति की किसी वाहन के चपेट में आने से कुचलकर मौत हो गई।सुबह करीब नौ बजे कोहरा हल्का होने पर ग्रामीण को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस ने बुरी तरह कुछ चुके शव को कब्जे में लेकर थाना ले गई।ग्रामीणों के मुताबिक दुर्घटना रात में हुई है या दिन में किसी को ज्ञात नही है।शव के ऊपर से काफी वाहनों के गुजरने शव की पहचान नही हो पा रहा है।पुलिस ने बताया की शव किसी मजदूर का लग रहा है।जिसके पास से एक लाल चप्पल और एक डायरी मिली है जिसमे कुछ नम्बर लिखा है जिससे जानकारी करने का प्रयास किया जा रहा है।

## थाना सुजानगंज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर मय हमराही के द्वारा हत्या के आरोप में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 264/2022 धारा 302/34/120बी/420 भादवि के नामजद अभियुक्त बृजेश बिन्द उर्फ कप्तान पुत्र भुल्लुर बिन्द नि0 ग्राम पोखरा थाना सुजानगज जनपद जौनपुर को दिनांक 31.12.2022 रामनगर बाजार थानाक्षेत्र सुजानगंज से गिरफ्तार किया गया । जिसको गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता 1.बृजेश बिन्द उर्फ कप्तान पुत्र



भुल्लुर बिन्द नि0 ग्राम पोखरा थाना सुजानगज जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहासः– 1.मु0अ0सं0 264/2022 धारा 302/34/120बी/420 भादवि थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः– 1.निरीक्षक घनश्याम शुक्ल थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 2.का0 सतीश कुमार, का0 अनुज कुमार थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर।

## थाना खुटहन पुलिस ने बीस हजार का पुरस्कार घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के मार्गदर्शन मे प्र0नि0 खुटहन श्री किशोर कुमार चौबे मय हमराही कर्मचारी गण की सहायता से मु0अ0सं0–314/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना खुटहन जौनपुर से संबंधित अभियुक्त बच्चू लाल यादव पुत्र शोभनाथ यादव उर्फ मिस्त्री ग्राम चितारा कुशवाँ थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ वांछित चल रहा था जिसके ऊपर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जौनपुर द्वारा 20,000 रुपये का पुरुस्कार घोषित किया गया है । अभियुक्त बच्चू लाल यादव पुत्र शोभनाथ यादव उर्फ मिस्त्री ग्राम चितारा कुशवाँ थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ को आज दिनांक 31.12.2022 को मरहट पुलिया थाना खुटहन जौनपुर से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा जा रहा है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.बच्चू लाल यादव पुत्र शोभनाथ यादव उर्फ मिस्त्री ग्राम



चितारा कुशवाँ थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–24/22 धारा 3/5ए/8 गो0नि0अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना खुटहन जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–314/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना खुटहन जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.प्र0नि0 किशोर कुमार चौबे थाना खुटहन जौनपुर। 2. उ0नि0श्री राजित राम यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 संतोष यादव, हे0का0 संजय ओझा थाना खुटहन जौनपुर। 4. का0सुदर्शन यादव, का0जितेन्द्र यादव, का0शिवाकान्त, का0शशांक त्रिवेदी थाना खुटहन जौनपुर।

## भाकपा ने राज्यो के अधिकारों में कटौती पर जताई नाराजगी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पंवारा थाना क्षेत्र के गांव सजई कला में स्थित भगौती बाल उद्यान में शुक्रवार को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की तरफ से संघवाद रक्षा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक प्रावधानों की अनदेखी कर एकात्मक संघीय व्यवस्था अपनाने पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने नाराजगी व्यक्त किया है। आरोप है कि सरकार देश के संविधान की संघात्मक मूल अवधारणा से परे होकर काम कर रही है। जो छमा योग्य नही है। इस अवसर पर जय प्रकाश सिंह ने कहा कि मौजूदा केन्द्र सरकार द्वारा लगातार राज्यों के अधिकार क्षेत्र में कटौती की जा रही है। जो भारतीय संविधान पर कुठाराघात है। कल्पनाथ गुप्ता ने कहा कि संविधान निर्माताओं द्वारा मजबूत केन्द्र के साथ साथ राज्यों को भी पर्याप्त अधिकार दिया गया था। किन्तु खेद इस बात का है कि विगत दिनों देश के अनेक राज्यों में केन्द्र अनावश्यक हस्तपक्षेप करने से संवैधानिक संकट पैदा हो गया है। रामनाथ यादव ने कहा कि देश संविधान की मंशा से नहीं पूंजी वादियों की मंशा से चलाई जा रही है।सभा में शालिक राम पटेल,सत्यनारायण पटेल,कृष्ण नारायण तिवारी,सुभाष चन्द्र पटेल,रघुवर प्रजापति आदि ने आपना विचार व्यक्त किया। भाकपा नेताओं ने संविधान के संघात्मक प्रावधान की व्यवस्था के प्रति संकल्प के साथ प्रतिबद्धता जताई है। केन्द्र सरकार द्वारा संघात्मक व्यवस्था की अनदेखी करते हुए एकात्मक संघीय दिशा में ले जाने का पुरजोर विरोध किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छेदी लाल जायसवाल ने तथा संचालन संदीप शर्मा व राकेश चन्द्र मौर्या ने किया।

## सीआरपीएफ जवान का निधन : मचा कोहराम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर जनपद के मीरगंज थाना के ग्राम पंचायत मीरपुर उमरी के गोपपुप निवासी सीआरपीएफ जवान सुनील कुमार यादव का निधन हो गया रात मे परिजन इलाज के लिए मछलीशहर सीएचसी ले गये जहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया वह 16 दिसम्बर से ही घर छुटटी पर आये थे। मीरगंज थाना के मीरपुर उमरी के गोपपुर निवासी सुनील कुमार यादव 40 वह सीआरपीएफ मे नायब सूबेदार के पद पर थे 2003 से ही वह सीआरपीएफ मे देश की सेवा दे रहे थे इस समय उनकी पोस्टिंग कश्मीर के पुलवामा के निमछ मे थी वह 16 दिसम्बर से ही घर पर छुट्टी पर आये थे । गुरुवार रात अचानक उनकी तबियत बिगडने पर परिजन इलाज के लिए मछलीशहर सीएचसी ले गये जहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर परिवार मे कोहराम मच गया उनके पिता जोखन लाख यादव की पहले ही मौत हो चुकी है माता चमेला देवी पत्नी अंजू व बेटियां रितिका आस्था आराधया का रो रो कर बुरा हाल है डेढ़ साल का बेटा विष्णु अनजान है। वही घटना की सूचना मिलने पर अगल बगल के लोगो की भीड उनके आवास पर जमा हो गयी मीरगंज थाने की पुलिस भी मौके पर पहुच गयी है। ग्राम प्रधान नीलम पुर्व प्रधान विजय सिह सन्तोष कुमार विश्वकर्मा जगन्नाथ यादव रामसिंगार यादव ने शोक व्यक्त किया है।

## पुलिस चेकिंग में वाहन सहित पकड़े गए आधा दर्जन गोवंश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस ने शुक्रवार को भोर में वध के लिए ले जा रहे आधा दर्जन गोवंश को पिकअप वाहन सहित पकड़ लिया जबकि कोहरे का लाभ उठाकर चालक व खलासी वाहन छोड़ भाग निकले।पुलिस अज्ञात के बिरुद्ध पशुक्रूरता अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बरामद गोवंश को क्षेत्रीय चांदपुर गोशाला को सुपुर्द कर दिया। शुक्रवार भोर में मुखबिर की सूचना थाना प्रभारी रमेश कुमार अपने हमराहियों के साथ थाने के बगल स्थित पावर हाउस के पास बैरिकेटिंग कर वाहनों की सघन जांच शुरू किया। इसी बीच मछलीशहर की तरफ से आ रहा पिकअप वाहन चालक पुलिस देख 10 मीटर पहले वाहन खड़ा कर कोहरे के अंधेरे में खलसी सहित भाग गया।पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें छः गोवंश ठूस कर लादे मिले। थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध पशूक्रूरता अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उक्त वाहन सीज कर दिया गया है।

## भाजपाइयों ने दी हीराबेन को श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र हुसेपुर स्थित राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कालेज के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी सिरकोनी मंडल के तत्वाधान में देश के प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ हीराबेन के देहावसान पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ हरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि दुनिया मे भारत का परचम लहराने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म देने माँ की महान थी।उनकी मौत से बड़ी क्षति पहुंची।इसके बाद मंडल अध्यक्ष रमेश चन्द्र जायसवाल, सर्वेश सिंह, शीतला गिरी,सन्दीप सेठ,डॉ बद्री नाथ यादव, सत्यप्रकाश सिंह आदि ने भी सम्बोधित करते हुए दुःख व्यक्त किया। इस मौके पर प्रवीण कुमार सिंह,पप्पू सिंह,विशाल सिंह,बीरबल,रणविजय सिंह,प्रदीप सिंह,संजय सिंह,ललित श्रीवास्तव, सभा नारायन पठान,राम मिलन राजभर,सन्दीप पाल,कुलदीप श्रीवास्तव सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## थाना पवाँरा पुलिस द्वारा एक वारण्टी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक



ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल निर्देशन मे कार्यवाही करते हुए दिनांक 31.12.22 को थानाध्यक्ष श्री राजनारायण चौरसिया मय हमराह के मु0नं0 2341/18 धारा 323/504भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त रामअभिलाष उर्फ खिलाड़ी पुत्र स्व0 रामपलट नि0 ऊँचडीह थाना पवांरा जनपद जौनपुर को उनके घर के सहन दरवाजे से गिरफ्तार किया गया वारन्टी उपरोक्त के विरुद्ध मा0न्यायालय जौनपुर द्वारा गिरफ्तारी अधिपत्र निर्गत किया गया था उक्त आदेश के अनुपालन के क्रम मे अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पतादृ 1.रामअभिलाष उर्फ खिलाड़ी पुत्र स्व0 रामपलट नि0 ऊँचडीह थाना पवांरा जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0नं0 2341/18 धारा 323/504 भा0द0वि0 थाना–पवारा जनपद जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमदृ 1. थानाध्यक्ष राजनारायन चौरसिया थाना पवारा जनपद जौनपुर 2. का0 रणविजय यादव, का0 तेजबहादुर थाना पवारा जनपद जौनपुर।

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम– उपजिलाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनसमुदाय के समक्ष निपुण लक्ष्यों एवं मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता से अवगत कराने व ग्रामीण बच्चों को प्री–प्राइमरी शिक्षा दिलाने के लिए शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केंद्र पर ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन–हमारे बच्चे उत्सव समारोह आयोजित कर अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। एक मां जिस तरह से अपने नौनिहालों को सम्भालती है उसी तरह देश के होनहारों को सवारने एवं एक मुक्कमल इंसान बनाने में शिक्षक का बहुत बड़ा योगदान है। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि ऐसे अभियानों से बच्चों का शिक्षा स्तर प्री प्राइमरी से ही मजबूत होगा। मुझे यहाँ के शिक्षकों की ऊर्जा देखकर यह कहने में जरा भी संकोच नही है कि सिकरारा जनपद के पहला निपुण ब्लाक बनेगा। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत मे ब्लाक अध्यक्ष मृत्यंजय सिंह द्वारा उपस्थित सभी लोगों को निपुण लक्ष्य जागरूकता शपथ दिलाया गया। वक्ताओं में मुख्यरूप से डीसी एमडीएम अरुण



कुमार मौर्य, डायट प्रवक्ता शैलेष कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, ब्लाक अध्यक्ष द्वय मृत्युंजय सिंह व अजय पांडेय, संतोष कुमार सिंह, अलका सिन्हा आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में संगीता मौर्या, नूपुर श्रीवास्तव, मंजूलता यादव, एआरपी शैलेश कुमार चतुर्वेदी, अनुपम श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार यादव ने निपुण लक्ष्य से सम्बंधित जानकारियां दी। अध्यक्षता समाजसेवी व प्रधानपति विनय सिंह व संचालन एआरपी सुरेश कुमार यादव ने किया।

## ओबीसी समाज के साथ अन्याय कर रही भाजपा सरकार –अरविन्द पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला मुख्यालय पर सरदार सेना सामाजिक संगठन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रपति को नामित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन सौपने के दौरान जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने कहा कि आप सभी जानते है कि भाजपा की योगी और मोदी सरकार ने ओबीसी को अपने पैर की जूती समझ लिया है इस लिए अब सरदार सेना सामाजिक संगठन आर–पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है और पूरे ओबीसी समाज से यह अपिल करते हुए कहां कि अब हमें और आपको मिलकर लड़ना होगा।जैसा कि आप सभी जानते हैं कि मा. सुप्रीम कोर्ट द्वारा पंचायतों एवं निकाय चुनाव को लेकर ओबीसी आरक्षण पर एक गाइडलाइन जारी किया गया है और उन्होंने प्रदेश सरकारों को निर्देशित करते हुए कहा था कि ओबीसी की प्रकृति की जांच की जाए इसके पूर्व में महाराष्ट्र,मध्य प्रदेश,बिहार में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मा. उच्च न्यायालय ने उपरोक्त राज्य में ओबीसी आरक्षण पर रोक लगाया था तो इन तमाम घटनाओं के बाद क्या योगी सरकार को निकाय चुनाव से पहले माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए ओबीसी की जातिगत जनगणना अथवा प्रकृति की जांच नहीं कर लेना चाहिए था जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि मेरा तो यह मानना है कि ओबीसी के खिलाफ भाजपा सरकार की यह साजिश है पहले से सब कुछ पता था तो फिर जांच का कदम पहले क्यों नहीं उठाया गया ओबीसी समाज को बरगलाने और भ्रम में रखने का भाजपा सरकार की कुप्रयास है अथवा ओबीसी समाज को ठेंगा दिखाया जा रहा है सरदार सेना के



राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर ओबीसी समाज की अधिकारों की लड़ाई हेतु अब हमें शांति प्रिय तरीके से न्यायोचित संघर्ष द्वारा आर–पार लड़ना होगा। सरदार सेना का प्रदेशव्यापी ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति नामित निम्न तीन सूत्रीय मांगों पर तत्काल न्यायोचित कदम उठाया जाय। 1. उ.प्र. सरकार को निर्देशित किया जाय कि तत्काल जातीय जनगणना कराकर ओबीसी को उसके आबादी के बराबर नगर निकाय में आरक्षण निर्धारित किया जाय। 2. जब तक ओबीसी का आरक्षण लागू न हो पाये तब तक नगर निकाय चुनाव को रोका जाय। 3. उ.प्र. सरकार को तत्काल निर्देशित किया जाय कि सरकार ओबीसी समाज के न्याय हेतु मा. सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित गाइडलाईन का पालन करके ओबीसी को सभी विधाओं में उसके आबादी के बराबर अधिकार सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान अवधेश कुमार मौर्य एडवोकेट,विपिन पटेल मुलायम,रवि पटेल,अभिमन्यु पटेल,अमर बहादुर चौहान,रविशंकर यदुवंशी,बृजेश पटेल,विनोद यादव,दीपक विश्वकर्मा,शिव प्रकाश पटेल,मनोज पटेल,सुरेश कुमार,राजकुमार सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ इंजीनियर अशोक कुमार यादव ने जनपद का भ्रमण किया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ इंजीनियर अशोक कुमार यादव ने जनपद का भ्रमण किया। जनपद प्रवास के दौरान माननीय सदस्य द्वारा सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जलालपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में माननीय सदस्य द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को किचन में दो एग्जॉस्ट फैन लगाए जाने के साथ ही खिड़की पर जाली लगाने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात कम्पोजिट विद्यालय त्रिलोचन बड़ागांव जलालपुर का निरीक्षण किया गया जहां पर कर्मचारी उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण में कुल कर्मचारी 18 में से उपस्थित 16 कर्मचारियों से एक–एक करके उनके कार्य दायित्व के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने बच्चों से वार्ता की और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। विकासखंड जलालपुर पर बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के सौजन्य से आयोजित बाल मेले में प्रतिभाग किया गया एवं वहां लगे हुए स्टाल पर अध्यापकों से समझा गया कि कैसे अध्यापक बच्चों को रोचक तरीके से जनपद जौनपुर में पढ़ाते हैं। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रहे



राज्यस्तरीय वालीबाल हैंडबॉल एवं खो–खो प्रतियोगिता में पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। विकास भवन सभागार में माननीय सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्रेसवर्ता की गयी। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी अतिरिक्त प्रथम, क्षेत्राधिकारी नगर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बाल कल्याण समिति जौनपुर से माननीय सदस्य उमाशंकर सिंह, विनय सिंह, सीबी सिंह एवं सुश्री माधुरी गुप्ता, किशोर न्याय बोर्ड से अनिल कुमार यादव, चाइल्डलाइन जिला समन्वयक राजकुमार गुप्ता, बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय, विदिशा परीक्षा अधिकारी मुरलीधर गिरी इत्यादि ने उनके साथ रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## सपा के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने मीडिया कर्मियों के साथ मनाया नये साल का जश्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी मिडिया और अखबारों को लोगो की आवाज उठाने वाला शख्त पहरेदार मानता है। यह विचार शुक्रवार एक होटल में पूर्व मंत्री सपा नेता तेज नारायण पाण्डेय पवन ने मीडिया कर्मियों के साथ लंच के समय व्यक्त किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि पुराना साल बीत रहा है दो दिन बाद नया साल आ रहा है, ऐसे में उन्होंने सभी रिपोर्टरों के प्रति शुभकामनाएं प्रदान किया। उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, प्रवक्ता चौधरी बलराम सिंह यादव, जाफर मिशम, पंकज पांडेय, संती तिवारी सहित कई सपा नेताओं के अलावा पत्रकारों में टीएन तिवारी, इंदुभूषण पांडेय, केवी शुक्ल, बनबीर सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, उग्रसेन मिश्र, केके मिश्र, महेंद्र त्रिपाठी, अशोक तिवारी, राकेश तिवारी, jp गुप्ता, राजेंद्र तिवारी जिलाअध्यक्ष उपजा, अशाकंद दास आचार्य, रूबी सोनी, महेंद्र उपाध्याय, अजय माझी, राज नारायण पांडेय, संजीव आजाद, भानु प्रताप सिंह सहित तमाम अखबारों व इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया के पत्रकार शामिल रहे।

## माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला अध्यक्ष बनने पर राकेश पांडे का विद्यालय पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पी डी पांडे इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद मे शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अयोध्या का जिला अध्यक्ष बनने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश पांडे का विद्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राकेश पांडे ने कहा कि जिले के शिक्षकों ने उनको जो मान सम्मान दिया है उस पर पूरा खरा उतरने की कोशिश करूंगा। श्री पांडे ने कहां की प्रदेश की सरकार शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। शिक्षक यदि संगठन से नहीं जुड़े रहेंगे तो सरकार और शासन और उत्पीड़न करेगी। जब से शिक्षकों का वर्चस्व सदन में कम हुआ है और पार्टियों का वर्चस्व बड़ा तब से शिक्षकों की लड़ाई ठीक ढंग से नहीं लड़ी जा रही है यदि शिक्षकों को अपना पुनः मान सम्मान और गौरव प्राप्त करना है तो संगठन को फिर से अपने संगठन के प्रत्याशियों को विधान परिषद मे जिताना होगा तभी सड़क से सदन तक शिक्षकों की मांगों को पूरा कराया जा सकेगा। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित जिला उपाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षकों को जो भी उपलब्धियां प्राप्त है वह संगठन की देन है यदि हम एकजुट होकर संगठनू के साथ रहेंगे तो कोई भी शक्ति हमारा उत्पीड़न नहीं कर सकती है। कार्यक्रम का संचालन रमेश पाठक ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अरविंद वर्मा ,अनिल पांडे, राधेश्याम वर्मा, सुनील दुबे ,अरुण दुबे, संदीप चक्रवर्ती प्रभात गुप्ता, अशोक मिश्रा ,कृष्णानंद तिवारी, विजय श्रीवास्तव, संदीप मिश्रा ,मनोज पांडे ,सुनील वर्मा, अरविंद कुमार, रंगनाथ पांडे विजय कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री व सपा निवर्तमान महानगर अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिले अयोध्या के व्यापारी सौंपा ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज अयोध्या में सरकार द्वारा उजाड़े गए दर्जनों व्यापारियों ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व नि० महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के साथ मिलकर अपनी व्यथा सुनाई व ज्ञापन सौंपा, व्यापारियो ने अपने उजाड़े जाने की परेशानी को सरकार तक अपनी बात पहुंचाने की गुहार पूर्व मुख्यमंत्री से लगाई, इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या के व्यापारियों के पूर्वजों ने जो घर बनाया, कारोबार बनाया था भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया, उन्होंने व्यापारियों को भरोसा दिलाया की वो सरकार से मांग करेंगे की व्यापारियों का जो नुकसान हुआ है उसके लिए ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिया जाय, व्यापारी जहां चाहे वहां या सरकारी जमीन उपलब्ध करायी जाय, आपकी बात सरकार सुने, मदद करें, उन्होने कहा बहुत जल्द मैं खुद व्यापारियो से मिलने अयोध्या आऊंगा, पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि भाजपा सरकार ने अयोध्या के व्यापारियों को उजाड़ दिया, घरों–दुकानों पर बुलडोजर चलाकर बर्बाद कर दिया, हनुमानगढ़ी पर लड्डू की दुकान लगाने वाले व्यापारियों की दुकानों को उजाड़ दिया, व्यापारी रो रहे हैं, बिलख रहें है, पूरी अयोध्या भाजपा सरकार की तानाशाही में परेशान है। सरकार के प्रशासनिक अधिकारी व्यापारियों से गुण्डों जैसा व्यवहार कर रहे है,वसूली चरम पर है। जिनका मुआवजा बना है कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक वसूली कर रहे है,कमीशन खोरी चल रही है, निमहानगर अध्यक्ष ने कहा कि अयोध्या में सरकार की तानाशाही चल रही है, रात में ताले तोड़कर बुलडोजर चलाया जा रहा है,सरकार के अनियोजित और अन्यायपूर्ण बर्ताव से हर अयोध्यावासी त्रस्त है। सरकार अयोध्या के मूल निवासियों को बाहर भगाकर दिल्ली, गुजरात के व्यापारियों को वहां स्थापित करना चाहती है,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने बताया की इस मौके पर श्रीचन्द यादव, संजय सिंह मो हलीम पप्पू, व्यापारी नेता नंदू गुप्ता, शक्ति जयसवाल, गिन्नी,अरुण कुमार गुप्ता ,सीता गुप्ता, भरत कुमार गुप्ता ,शिवम गुप्ता , विजय यादव, सुरेश माझी ,सनरेश सोनकर, मंगल गुप्ता, पंकज सर्राफ , अमित पांडे निखिल जयसवाल ,सीताराम गुप्ता ,मनोज गुप्ता, पवन किशोर, गुप्ता उर्फ बच्चा ,दुर्गा गुप्ता राकेश कसेरा, मोजूद थे।

# अयोध्या में सभी कार्य डबल शिफ्ट में पर्याप्त मेनपावर के साथ कराये जाय –मंडलायुक्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में अयोध्या विजन की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। उन्होंने समीक्षा करते हुये कहा कि जो भी कार्य चल रहे है उनके प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट व्हाटसअप ग्रुप पर अद्यतन फोटोग्राफ के साथ भेजे जाय तथा एक पेशानी बनाकर कार्य में प्रतिदिन लगने वाले मजदूरों की संख्या अंकित की जाय। मण्डलायुक्त ने अयोध्या में निर्माणाधीन मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि एयरपोर्ट का 64 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 31 मार्च 2023 तक सभी कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि अयोध्या अकबरपुर बसखारी मार्ग का कार्य तीव्र गति से समय सीमा के अन्दर पूर्ण किया जाय तथा पंचकोसी व चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग का राजस्व व लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे कार्य तीव्र गति से प्रारम्भ किया जाय। अयोध्या बिल्हरघाट बन्धा मार्ग सहित ऐसे सभी कार्य जो अयोध्या में चल रहे है उन्हें पर्याप्त मेनपावर के साथ दो शिफ्टों में कराया जाय। मण्डलायुक्त ने नगर निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यो की समीक्षा की, इसके अन्तर्गत सम्बंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि शहर में 31 पार्को के जीर्णोधार का अनुबन्ध हो चुका है तथा 24 पार्को पर निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है। बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने कहा कि अयोध्या नगर निगम तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा कराये जा रहे कार्यो का पूर्व में निरीक्षण के दौरान जो कमियां पायी गयी है उन्हें आगणन एवं विशिष्टियों के अनुरूप दुरूस्त करा लें तथा इसका मेरे द्वारा पुनः इसका निरीक्षण किया जायेगा। विद्युत ट्रान्समिशन के कार्यो की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि लता मंगेशकर चौक के ऊपर से जाने वाले तारों को मार्च 2023 तक हर हालत में हटा लिया जाय। अयोध्या विकास प्राधिकरण के कार्यो की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा अयोध्या की गलियों में जो सी0सी0 रोड ढाली गयी है उनके स्लैब किसी अच्छे डिजाइनर की सलाह से पैटर्न वाइस ग्रूव काटे जाएं तथा आगे से स्लैब ढालने के 24 घंटे के अंदर उसके कन्सट्रक्शन ज्वाइंट सजावटी पैटर्न के अनुसार काटे जाएं। प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन लाल डिग्गी कुण्ड के सम्बंध में उन्होंने कहा कि तीव्र गति से जल्द कार्य पूर्ण कराये तथा यदि ठेकेदार द्वारा कार्य ठीक ढंग से नही किया जा रहा है तो उसे ब्लैक लिस्ट किया जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (एल0ए0) प्रभाकांत अवस्थी, परियोजना निदेशक आर0पी0 सिंह सहित सम्बंधित विभागों के अधिशाषी अभियन्तागण उपस्थित रहे।

# अयोध्या महोत्सव में आयोजित कन्या पूजन ने पूरे परिवेश को आध्यात्मिक उर्जा से भर दिया

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सनातन धर्म में कन्याओं को आदिशक्ति का स्वरुप माना जाता है। धर्मशास्त्रों में कन्या पूजन के महत्व को विस्तार से वर्णित किया गया है। अयोध्या महोत्सव में आयोजित कन्या पूजन ने पूरे परिवेश को आध्यात्मिक उर्जा से भर दिया। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया के भाव को आत्मसात करते हुए कन्या पूजन के दौरान सम्पूर्ण विश्व के सुखी व निरोगी होने की कामना कन्या पूजन के दौरान मां भगवती से की गयी। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों की उपस्थिति रही। कन्या पूजन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचारक शुभेन्दु जी ने कहा कि हमारे शास्त्रों मे कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते है। भारत में प्राचीन काल से लेकर आज तक नारी की ममता, साहस, प्रेम, त्याग, शौर्य व बलिदान के उदाहरण भरे पड़े है। अयोध्या की लोकसंस्कृति, परम्परा व मर्यादा भारतीय जीवनशैली का आधार है। अपने जीवन में इसको आत्मसात करने से परिवार, समाज आध्यात्मिक, मानसिक व आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर होता है। इसी लोकसंस्कृति को प्रसारित करने की मुहिम अयोध्या महोत्सव ने प्रारम्भ की है। इस मुहिम को व्यापक जनसमर्थन भी मिल रहा है। अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि स्त्री को सृजन की शक्ति माना जाता है। इस सृजन की शक्ति को विकसित करके उनमें समाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व वैचारिक स्वतंत्रता के साथ समानता का अवसर प्रदान करना नारी सशक्तिकरण का आशय है। केन्द्र व प्रदेश सरकार इसी परिकल्पना पर कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, राकेश श्रीवास्तव, रवि तिवारी, आकाश अग्रवाल, अरुण द्विवेदी, नाहिद कैफ, रेणुका रंजन श्रीवास्तव, बलवीर सिंह, स्वाती सिंह, रेगन सिंह, श्रुति श्रीवास्तव, रवि चौधरी, विवेक पाण्डेय, विजय यादव, एसबी सागर, मोहित मिश्रा, रणजीत यादव, राजन श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, पूजा अरोड़ा, ऋचा उपाध्याय, सुचि श्रीवास्तव, राजेश आदि उपस्थित रहे।

# हिंसक पशु ने बछिया को निवाला बनाया

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना इनायतनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत कुचेरा डीह में रामफेर मौर्य की बछिया को किसी हिंसक जानवर ने रात में निवाला बना लिया। ग्राम वासियों ने सुबह इसकी सूचना वन विभाग को दिया।वन विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर हिंसक पशु के पद चिन्हों की जांच किया और हिंसक पशु के पहचान के लिए उसके पद चिन्हों को बाहर वाइल्ड लाइफ के उच्च अधिकारियों के पास भेज दिया।वन विभाग की टीम में शामिल कर्मियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया लकड़बग्घे की संभावना दिख रही है।ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि रात में अपने पशु व बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान दें जिससे किसी अनहोनी से बचा जा सके।

## लुधियाना शहर से कमाकर घर लौट रहे तारुन के मंसा दूबेपुर निवासी रामलोचन की यात्री बस में हुई मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लुधियाना शहर से कमाकर परिवार के साथ घर लौट रहे तारुन थाना क्षेत्र के सोनौरागाऊपुर मजरे मंसा दूबेपुर निवासी राम लोचन कोरी उम्र करीब 50 वर्ष की यात्री बस में बुधवार की रात यात्रा करते समय मौत हो गयी। बस के चालक व परिचालक ने अयोध्या बाईपास पर परिवार को उतारने के बजाय उन्हें पड़ोसी जिले के बस्ती टोल प्लाजा के पास स्थित एक बाथरुम के पास देर रात उतार दिया। मृतक के साथ आ रही उनकी पत्नी बेटे बेटी की सूचना पर उनके अन्य परिवारीजन व रिश्तेदार पिकप वाहन से शव लेकर पैतृक गांव ले लाये।यहां गुरुवार को परिजनों ने मृतक के शव को दफन कर दिया। मृतक की बेटी सिल्की के अनुसार उनके पिता राम लोचन लुधियाना शहर में बाबा मुकुंद सिंह जैन कालोनी में माँ प्रभावती,भाई कृष्णा, के साथ रहते थे।जो बस से सभी लोगो के साथ पैतृक गांव आ रहे थे। बस के चालक परिचालक ने अयोध्या फैजाबाद बाईपास रात बस रोकने की जगह पड़ोसी जिले बस्ती टोल प्लाजा के पास रात 10.30 बजे के करीब उन्हें ले जाकर उतार दिया।बस रुकने पर देखा पिता जी की मृत्यु हो गयी हैं। बताया उन्हें सांस फूलने की बीमारी थी।रात सूचना परिजनों सहित रिश्तेदारों को दी तो गांव से पिकप लेकर लोग वहां पहुँचे तो शव लेकर रात घर आ गये।गुरुवार को गांव के करीब पिता की शव को दफन कर दिया गया।

## नगर निगम चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर कांग्रेसियों किया प्रदर्शन : सौंपा राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा नगर निगम चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को सुनिश्चित कराने के लिए कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजदेव वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन करके राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन से सरकार विरोधी नारे लगाते हुए निकले कांग्रेस जनों को पुलिस प्रशासन द्वारा रोका गया तथा वहीं एसडीएम सदर ने ज्ञापन लिया। इससे पूर्व एकत्रित पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहाउत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में भाजपा सरकार की अनियमितताओं के कारण पिछड़ो के आरक्षण पर कुठाराघात हुआ है।सरकार आरक्षण देना नहीं चाहती और ना ही चुनाव कराना चाहती हैं इसलिए लगातार जनमानस के हकों पर हमला कर रही है। पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा तथा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनरेश मौर्य ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार की पिछड़ा वर्ग विरोधी नीतियों के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग का संवैधानिक हनन हो रहा है। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहां उत्तर प्रदेश सरकार नगर निगम चुनाव में अपनी हार निश्चित जानकर चुनाव को टालने के लिए इस तरह का बर्ताव कर रही है। जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ राजदेव वर्मा ने कहां उत्तर प्रदेश सरकार की अपर्याप्त तैयारी तथा विधि सम्मत सर्वेक्षण ना कराए जाने के कारण माननीय उच्च न्यायालय ने आरक्षण पर रोक लगा दी है जोकि अन्य पिछड़ा वर्ग को मिले विधि सम्मत अधिकार का हनन है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर प्रत्येक जिलों में कांग्रेस जन पिछड़ा वर्ग को नगर निगम चुनाव में विधि सम्मत आरक्षण देने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप सेआज कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन से निकलकर पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजदेव वर्मा अपने समर्थकों के साथ जिलाधिकारी अयोध्या को ज्ञापन देने निकले थे बीच में प्रशासन ने रोका और एसडीएम सदर ने आकर ज्ञापन लिया ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, पीसीसी सदस्य अजीत वर्मा, विशाल वर्मा, फूलचंद यादव ,आशीष गुप्ता ,डीएन वर्मा, अमरीश प्रताप मौर्य ,आदित्य पटेल ,प्रमिला राजपूत ,पूर्व जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस रामचरित्र वर्मा, सतनाम यादव समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## निष्प्रयोज्य बना सामुदायिक शौंचालय व पंचायत भवन : दो विभाग के बीच ट्रांसफर प्रक्रिया के बीच लटका मामला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नवसृजित नगर पंचायत खिरौनी सुचितागंज में शामिल ग्राम पंचायतों से निर्मित सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन दोनों विभागों के बीच हस्तांतरण प्रक्रिया में फंसकर निष्प्रयोज्य बन बैठे है। इनका कोई पुरसाहाल नहीं है। लाखों रुपयों से निर्मित इन भवनों के आसपास उगी झाड़ियों में जंगली जानवरों ने अपना बसेरा बना लिया है। साल्हेपुर निमैचा कटरौली सोहावल उचितपुर बिशुनपुर सारा खिरौनी को मिला कर नगर पंचायत का गठन हुआ। इन ग्राम पंचायतों में शासन से लाखों रुपये खर्च कर बड़े बड़े सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन निर्मित कराये गये। कुछ दिन इनका प्रयोग और देखरेख हुआ लेकिन ग्राम पंचायतों के नगर पंचायत में शामिल होते ही यह सभी भवन लावारिश हो गये। नतीजा इनका प्रयोग तो बन्द हो ही गया आसपास के लोगों ने क्षति पहुंचाना शुरू कर दिया। देखरेख के अभाव में भवन झाड़ियों में छिप गये और जंगली जानवरों ने यहाँ अपना बसेरा बना लिया है। पूँछे जाने पर नगर पंचायत के पर्यवेक्षण अधिकारी कृष्णा सिंह ने बताया कि आधा अधूरा भवन उचितपुर का छोड़कर अन्य किसी ग्राम पंचायत से कई बार मांग पत्र देने के बावजूद अभी 6 सामुदायिक शौचालय व इतने ही पंचायत भवन हस्तांतरण नहीं किये गये हैं। जबकि खण्ड विकास अधिकारी मोनिका पाठक ने कहा कि सभी भवन नगर पंचायत को हस्तांतरित कर दिये गये है। जब से मैं आयी हूँ मुझे कोई मांग पत्र नहीं मिला आज अवकाश है कल खोजवाऊंगी।

## आक्रोशित ग्राम प्रधानो ने ब्लाक परिसर में दिया धरना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को शासन के जरिये मनरेगा के तहत कराए गए पक्के कार्यो के भुगतान के लिए भेजे गई रकम में से विकास खण्ड रुदौली की ग्राम पंचायतों का भुगतान नही हुआ तो शुक्रवार की सुबह से आहत ग्राम प्रधानों का जमावड़ा ब्लाक में लगना शुरू हो गया और आक्रोशित ग्राम प्रधानो ने ब्लाक परिसर में ही दरी बिछा कर धरने पर बैठ गए।प्रधानों का आरोप है कि सरकार लम्बे समय बाद मनरेगा के तहत करए गए कार्यो पक्को कार्यो के लिए धन भेजा था।जिले के अधिकतर ब्लाको की सभी ग्राम पंचायतों में पक्के कार्यो का भुगतान कर दिया गया लेकिन विकास खण्ड रुदौली के ग्राम पंचायतों का भुगतान नही हो सका। आरोप है कि खण्ड विकास अधिकारी रूदौली इस समय अमानीगंज ब्लाक का भी प्रभार देखते है। और अमानीगंज की ग्राम पंचायतों का भुगतान पहले करा दिया गया रूदौली का नही। जब रूदौली का नम्बर आया तब तक शासन द्वारा भेजी गई 800 करोड़ की रकम खत्म हो गई। जिससे ग्राम पंचायतों का भुगतान नही हो सका। प्रधान संघ अध्यक्ष बलभद्र यादव ने बताया की रूदौली के प्रधानों के साथ किये गए भेदभाव को बर्दाश्त नही किया जाएगा।धरना आंदोलन का रूप भी ले सकता है। इसके अलावा उन्होंने पक्के कार्यो फीडिंग न होना भी बड़ी समस्या बताया है। उन्होंने मांग की है कि मनरेगा के तहत कराए गए पक्के कार्यो की फीडिंग भी अविलम्ब शुरू कराई जाए।इस अवसर पर प्रधान महेश यादव,अमरेश यादव,इश्तियाक अहमद,मेडई महाराज,अनिल लोधी ,अमरनाथ यादव, राकेश यादव, लल्ला ,राम जी शर्मा, पति राम रावत,शिव सरन यादव,भगवानदीन ,मो सईद,जग बहादुर यादव सहित दर्जनों प्रधान मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत अयोध्या इकाई की बैठक हुई संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तीस बारह 2022 दिन शुक्रवार को राजकीय उद्यान अयोध्या में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत अयोध्या इकाई की बैठक हुई जिसमें प्रांतीय सचिव आशुतोष मिश्र एडवोकेट जी का पाथेय प्राप्त हुआ, उक्त बैठक में प्रांतीय सचिव ने बताया कि संगठन का मूल उद्देश्य ग्राहक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं उसे उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता, सही नाप, विक्रय उपरांत सेवा एवं अच्छा व्यवहार दिलवाना है। इस संगठन की सबसे बड़ी उपलब्धि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 लागू करवाना रही है। उक्त बैठक में अयोध्या इकाई हेतु आशीष शर्मा को अध्यक्ष पवन कुमार सिंह को उपाध्यक्ष राकेश तिवारी सचिव तथा अंकुर द्विवेदी को सहसचिव मनोनीत किया गया।

## 11 जनवरी को हर्षोल्लास पूर्वक मनेगा काउंट सीजर मैटी का जन्मदिन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से जुड़े चिकित्सकों की एक बैठक का आयोजन दर्शन नगर स्थित डाक्टर सुधीर मौर्याध के क्लीनिक पर सम्पन्न हुआ।इस बैठक की अध्यक्षता डाक्टर सुधीर मौर्या तथा संचालन डाक्टर सुधीर पाण्डेय व समापन डाक्टर राम जी सैनी ने किया।इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस बार इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉक्टर काउंट सीजर मैटी का जन्मदिन 11 जनवरी को पूर्वान्ह ग्यारह बजे शहर के होटल शान ए अवध में मनाया जायेगा।इस मौके पर डाक्टर राम जी सैनी ने बताया कि काउंट सीजर मैटी के जन्मदिन पर पर इस पैथी से जुड़े कई चिकित्सक मौजूद रहेंगे।इस बैठक में मुख्य रूप से डाक्टर बलराम वर्मा, डाक्टर सुधीर पाण्डेय, डाक्टर रणजीत सिंह, डाक्टर ए पी



सिंह, डाक्टर राम धीरज वर्मा, डाक्टर आजम खान, डाक्टर राम जनम वर्मा, डाक्टर अजय तिवारी, डाक्टर सुजीत मौर्या, डाक्टर मनोज सैनी सहित कई इलेक्ट्रो होम्योपैथी से जुड़े चिकित्सक मौजूद रहे।

## हिदुस्तान को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग को लेकर निकले जत्थे का किया स्वागत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हिदुस्तान को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग को लेकर बिहार राज्य के पटना शहर से बीती16दिसम्बर को हिन्दुओ का एक जत्था अयोध्या धाम के लिए पैदल निकल पड़ा है,जो गुरुवार को अयोध्या जनपद के गोसाईगंज कस्बे में पहुंचा जिसका स्वागत कस्बे के भीटी तिराहे पर शेखर जायसवाल की अगुवाई में कस्बे के लोगो ने किया।यह जथा चौरासी कोसी पड़ाव स्थल महादेवाघाट पर रात्रि विश्राम कर सुबह अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगा।यात्रा के अगुवा पटना के राजवंशी हनुमान मंदिर के हिन्दू पुत्र संगठन के राष्ट्रीय प्रचारक नागेश सम्राट ने एक मुलाकात में बताया कि यात्रा का प्रमुख उद्देश्य हिंदुस्तान को सरकार हिंदू राष्ट्र घोषित करे और लव जिहाद जैसे खेल को तत्काल बन्द कराए, जिससे हिन्दू बहन बेटियां सुरक्षित होकर जीवन बिताए।उन्होंने बताया कि बीते दो वर्ष पूर्व सीएनआरसी मुद्दे पर नीतीश सरकार ने फुलवारी शरीफ में स्थित हनुमान मंदिर की रक्षा करने के दौरान उन पर साथ केस दर्जकर उन्हें जेल में डाल दिया था।इससे क्षुब्ध होकर हमारा एक कार्यकर्ता राजीव ब्रह्मर्षि पटना पुलिस मुख्यालय के सामने आत्मदाह करने का भी प्रयास किया था।हम लोग शनिवार को रामलला और हनुमान गढ़ी दर्शन के बाद सीएम योगीजी से मुलाकात करके एक ज्ञापन देंगे और वार्ता भी करेंगे।इस अवसर पर शिवपूजन सिंह,धनजंयसिंह, पवन गुप्ता,रविन्द्र यादव,सन्तोष तिवारी,दरसूराम निगम,शशिप्रकाश वर्मा,रविन्द्र वर्मा,उर्मिला देवी,अजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## बीजेपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में "राम सेतु" के मुद्दे पर मार ली पलटी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सुना है की बीजेपी सरकार के आका अड़ानी बन्धु, एक समुद्री मार्ग पर काम कर रहे है जिसेसे की बड़े समुद्री मालवाहक जहाज भारत और श्रीलंका के बीच से निकल सके और इसके लिए कन्याकुमारी के नीचे वाले क्षेत्र को और गहरा करने की जरूरत है। अड़ानी भाई की इसी आवणश्यकता को देखते हुए केंद्र की बीजेपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में "राम सेतु" के मुद्दे पर पलटी मार ली है और जिस भावनात्मक मुद्दे को भुना कर देश भर में हिंदू वोट लिए थे अब इसके संदर्भ में माननीय न्यायालय में अपने शपथ पत्र में कहा है की उस इलाके में अभी भी अध्ययन चल रहा है और वहाँ पर किसी प्रकार के "राम सेतु" होने या ना होने की बात की अभी पुष्टि नहीं की जा सकती है। ध्यान रहे को 2010 में जब मनमोहन सरकार इसी प्रकार की सेतुसमुंदर परियोजना पर काम कर रही थी तो इसी बीजेपी ने राम नाम की दुहाई देकर देशभर के हिंदू की भावनाओं को भड़काया, जिसके चलते उस समय इस परियोजना को रोकना पड़ा पर आज जब अड़ानी समूह इस परियोजना को लेकर आयी है तो बीजेपी ने अपने सुर बदल दिए है।

## नेताजी सुभाष के सपनों का भारत बनाना है –रमेश दास वेदांती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय शिक्षण मण्डल (अयोध्या) अवध प्रांत की ओर से शुक्रवार को 'भारतमाता पूजन' समारोह का आयोजन किया गया। गुरु वशिष्ठ गुरुकुल, हनुमान वाटिका में आयोजित समारोह में आजाद हिन्द फौज के प्रथम प्रधानमंत्री नेताजी सुभाषचंद्र बोस और भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। गुरुकुल के बच्चों ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत कर मन मोह लिया। समारोह के अध्यक्ष श्रीराम कथा मर्मज्ञ रमेश दास वेदांती ने कहा कि आजाद हिन्द फौज के प्रथम प्रधानमन्त्री नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने सन 1943 में आज के ही दिन पोर्ट ब्लेयर में तिरंगा फहराकर भारत की स्वतंत्रता का उदघोष किया था। श्री वेदांती ने कहा कि भारत राष्ट्र के निर्माण में नेताजी सुभाष से प्रेरणा लेकर हम सबको योगदान करना है। गुरुकुल के प्रधानाचार्य दुखहरण नाथ मिश्र ने कहा कि हमें बच्चों को राष्ट्र के उस गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना है, जिसे कांग्रेस की सरकारों ने दबाने का कुप्रयास किया। मुख्य वक्ता रोशन प्रेमयोगी ने कहा कि अखण्ड भारत का सपना 'रामराज्य' की स्थापना से ही पूरा होगा। भारतीय शिक्षा मंडल युवा आयाम के प्रांत प्रमुख आदर्श सिंह "ऋषभ" ने बताया कि पूरे प्रांत में ३०० से अधिक स्थानों पर 30 दिसंबर को 'भारतमाता का पूजन', झंडारोहण और भारतमाता की आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अयोध्या महानगर के 43 स्थानों पर एवं जनपद के 22 अन्य स्थानों पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न कालेजों के छात्रों ने हिस्सा लिया। भारतमाता के गान से समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक डॉ. दिलीप सिंह, आचार्य सदाशिव, आचार्य रोहित समेत कई संतगण भी उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।